an>

Title: Need to address the problem of drinking water in Delhi.

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिल्ली में पानी की गंभीर समस्या व पानी के लिए त्राहि-त्राहि करते लोगों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। राजधानी दिल्ली में पानी की गंभीर समस्या काफी लंबे समय से चल रही है जिसका अभी तक कोई भी स्थायी समाधान नहीं हो पाया है जिसके उत्तरदायी बहुत से कारण हैं जैसे कि दिल्ली व हरियाणा का पानी संबंधी समझौता है, जिसमें हरियाणा हमारे हिस्सा का पानी यमुना में रोक लेता है और उसे छोड़ता नहीं है। वर्ष 1995 में दिल्ली में पानी की पूर्ति के लिए मुनक नहर का निर्माण कराया, जो नहर अभी तक पानी की बाट जोह रही है। इस संदर्भ में भी पर्यात कदम उठाए जाएं। हिमाचल प्रदेश में तीनों बांधों रेणुका, कलसा और लाखवर-व्यासी का कार्य पिछले 20 वर्षों से लंबित है, इस संदर्भ में भी ठोस कदम उठाए जाएं। यह समस्या दिल्ली की 70 फीसदी आबादी की है।

मैं माननीय जल संसाधन मंत्री जी से अपील करता हूं कि इस संदर्भ में संज्ञान लें ताकि दिल्ली की जनता को पानी की समस्या से निजात मिल सके।